## पंचायत ने चेतावनी बोर्ड लगाकर खरीदी-बिक्री पर लगाई रोक

# देलाखारी में सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं की नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया

छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील के देलाखारी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और उसकी खरीदी-बिक्री का मामला अब खुलकर सामने आने लगा है। वर्षों से चल रहे इस खेल पर लगाम लगाने के लिए आखिरकार ग्राम पंचायत और राजस्व अमले को सख्त कदम उठाने पड़े हैं।

पंचायत और पटवारी ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड लगाकर साफ कर दिया है कि देलाखारी की कई जमीनें पूरी तरह शासकीय हैं और यहां किसी भी प्रकार की खरीदी-बिक्री या नया निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। जानकारी के अनुसार तामिया तहसील के देलाखारी पटवारी हल्के में पिछले कुछ वर्षों से भूमाफिया सक्रिय हैं।

आरोप है कि कुछ लोग शासकीय भूमि पर कब्जा जमाकर उसे निजी जमीन बताकर बेच रहे हैं। इस अवैध कारोबार के कारण आसपास के क्षेत्रों में बाहरी लोगों का आना-जाना तेजी से बढ़ा है और कई लोग सरकारी जमीन खरीदकर यहां मकान बनाकर बसने लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध बसाहट के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों में भी बढ़ोतरी होने लगी है, जिससे गांव के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

देलाखारी के आसपास इंदिरा कॉलोनी और दमदम ढाना जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा अवैध बिक्री की शिकायतें सामने आई हैं। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार यह जमीन शासकीय है, लेकिन इसके बावजूद कुछ भूमाफिया लोगों को गुमराह कर जमीन बेचने का धंधा चला रहे हैं।

ग्राम पंचायत का कहना है कि अवैध कब्जों के कारण पंचायत पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जब लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर




मकान बना लेते हैं, तो बाद में वे पंचायत से बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग करने लगते हैं। इसी समस्या से बचने के लिए पंचायत ने सख्त फैसला लिया है कि सरकारी जमीन पर बने मकान या दुकानों के लिए नल-जल योजना या बिजली कनेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी नहीं किया जाएगा।

ग्राम पंचायत देलाखारी के सचिव ओम प्रकाश साहू के अनुसार पंचायत ने यह निर्णय अतिक्रमण और शासकीय भूमि की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से लिया है। पंचायत ने दीवार लेखन और चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को साफ संदेश दे दिया है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों को किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जाएगी।

### हल्का पटवारी झाड़ रहे पल्ला, कार्यवाही करने की सिर्फ कर रहे बात

वहीं देलाखारी पटवारी हल्का के पटवारी अंकित सोनी का कहना है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कई मामलों में अतिक्रमण के प्रकरण दर्ज किए गए हैं और कुछ लोगों को बॉन्ड ओवर भी किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग लगातार निगरानी कर रहा है और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में शासकीय जमीन पूरी तरह भूमाफियाओं के कब्जे में चली जाएगी। इसलिए उन्होंने तामिया तहसील प्रशासन से मांग की है कि सरकारी जमीन की सीमांकन जांच कराकर अवैध कब्जों को हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।

### चेतावनी बोर्ड का भी असर नहीं

पंचायत द्वारा लगाए गए चेतावनी बोर्ड में स्पष्ट लिखा गया है कि यह भूमि शासकीय है, यहां किसी प्रकार की खरीदी-बिक्री या निर्माण करना पूरी तरह वर्जित है। यदि कोई व्यक्ति सरकारी जमीन पर कब्जा करता है या निर्माण करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इतना ही नहीं, पंचायत ने लोगों को जागरूक करने के लिए यह भी घोषणा की है कि यदि कोई व्यक्ति अवैध जमीन खरीदी-बिक्री की सूचना देता है तो उसका नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। इसके बावजूद बताया जा रहा है कि कुछ चालाक भूमाफिया अभी भी मौखिक सौदों के जरिए जमीन बेचने का प्रयास कर रहे हैं। यह स्थिति प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

# परासिया नपा अध्यक्ष के निर्वाचन पर संकट

## आपराधिक जानकारी छिपाने के आरोप, चुनाव शून्य घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के निर्वाचन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि उन्होंने चुनाव के दौरान दाखिल किए गए शपथ पत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी नहीं दी और निर्वाचन आयोग को गुमराह किया।

इस मामले को लेकर जिले के समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया ने मोर्चा खोलते हुए राज्य निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन को औपचारिक शिकायत भेजकर उनका निर्वाचन शून्य घोषित करने की मांग की है।समाजसेवी द्वारा की गई शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2022 में हुए नगर पालिका चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में विनोद मालवीय ने जो शपथ पत्र दाखिल किया था, उसमें अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी। आरोप है कि उन्होंने केवल एक पुराने मामले का उल्लेख किया, जबकि अन्य प्रकरणों को 'निरंक' बताकर छिपा लिया।

शिकायतकर्ता का कहना है कि यह निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों का गंभीर उल्लंघन है और इससे निर्वाचन आयोग को सीधे तौर पर गुमराह किया गया।बताया जा रहा है कि यह मामला तब और गंभीर हो गया जब समाजसेवी ने सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज प्राप्त किए। आरटीआई से मिले रिकॉर्ड के आधार पर दावा किया गया है कि परासिया और चांदामेटा थानों में उनके खिलाफ सट्टा एक्ट, आईटी एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। इन मामलों का जिक्र चुनावी शपथ पत्र में नहीं किया गया, जिससे पूरे निर्वाचन की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### जिला भाजपा अध्यक्ष मोहोड़ ने किया शोक व्यक्त

**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खंडेलवाल के असामयिक और हृदयविदारक निधन पर पांढुर्णा भाजपा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। इस दुखद समाचार के प्राप्त होते ही भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने इसे परिवार और संगठन के लिए एक अपार क्षति बताया। श्री मोहोड ने कहा, इस कठिन वज्रपात और दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी और उनके परिजनों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ा है।

# सुलभ शौचालयों पर गंभीर नहीं प्रशासन

## अधिक दर पर वसूली से शौचालय संचालक को उपभोक्ताओं ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

शहर में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पूर्व में हरिभूमि द्वारा इन शौचालयों में अव्यवस्था और मनमानी वसूली को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी, लेकिन उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अब उसी लापरवाही का नतीजा सामने आया है, जब विवेकानंद परिसर स्थित सुलभ शौचालय में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक की नौबत आ गई।बताया जा रहा है कि विवेकानंद परिसर के सुलभ शौचालय में संचालक द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे लिए




जा रहे थे। जब एक उपभोक्ता ने अतिरिक्त पैसा देने से इनकार किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। जानकारी के अनुसार कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर शौचालय संचालक की पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि वे लोग पहले भी संचालक को निर्धारित दर पर ही शुल्क लेने की चेतावनी दे चुके थे, लेकिन इसके बावजूद मनमानी वसूली जारी रही।स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहर के कई सुलभ शौचालयों में वर्षों से तय दर से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। 5 की जगह 10 और 10 की जगह 20 तक वसूले जाने की शिकायतें आम हैं। यहां तक कि महिलाओं से यूरिन के लिए भी पैसा लिया जाता है, जबकि कई जगहों पर इसके लिए शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।

लोगों का कहना है कि यह समस्या सिर्फ छिंदवाड़ा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में सुलभ शौचालयों में मनमानी वसूली का बड़ा नेटवर्क चल रहा है।इस मुद्दे की गंभीरता इसलिए भी अधिक है क्योंकि इन शौचालयों का उपयोग मुख्य रूप से गरीब और सामान्य वर्ग के लोग करते हैं। कई बार ऐसे लोग जिनके पास पैसे नहीं होते, वे मजबूरी में शौचालय का उपयोग करने से भी कतराते हैं या फिर इधर-उधर जाने को मजबूर हो जाते हैं। जबकि न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी या शौचालय उपयोग से रोका नहीं जा सकता।

शहर के मानसरोवर कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में स्थिति और भी चिंताजनक बताई जा रही है। यहां कोचिंग पढ़ने आने वाली कई छात्राएं अधिक पैसे लिए जाने के कारण पास के शौचालय का उपयोग नहीं करतीं और सड़क पार कर दूसरे स्थान पर स्थित सुलभ शौचालय का उपयोग करने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह स्थिति सुरक्षा और सुविधा दोनों दृष्टि से गंभीर मानी जा रही है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग के अधिकारी केवल औपचारिक निरीक्षण कर लौट जाते हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते। यदि समय रहते प्रशासन ने सख्ती दिखाई होती, तो आज विवाद और मारपीट जैसी स्थिति पैदा नहीं होती।

शहरवासियों का कहना है कि सुलभ शौचालयों का उद्देश्य आम जनता को कम कीमत पर स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन यदि यही व्यवस्था मनमानी वसूली का माध्यम बन जाए, तो इसका सबसे बड़ा नुकसान गरीब और जरूरतमंद लोगों को ही उठाना पड़ता है।अब इस घटना के बाद एक बार फिर प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

### बच्चे जंक फूड से रहे दूर और खाएं पौष्टिक आहारः डॉ अल्पना शुक्ला




**छिंदवाड़ा।** श्रम सेवा सहयोग की भावना से लगाए गए ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वास्थ जागरूकता का रहा ।इस अवसर पर सभी एन एस एस के स्वयं सेवको ने अपने कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी के मार्गदर्शन में जन जागरूकता रैली निकाली जिसमें लोगों को स्वास्थ जागरूकता का संदेश दिया ।सभी स्वयं सेवक अपने शिविर स्थल से खजरी चौक होते हुए पोस्ट मैट्रिक हॉस्टल परिसर पहुंचे जहां विशाल निःशुल्क स्वास्थ शिविर में दिन भर अपनी सेवाएं दिए।शिविर स्थल पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अल्पना शुक्ला जी ने बच्चो को उनके स्वास्थ रहने है हेल्दी जीवन शैली अपनाने टिप्स दिए।उन्होंने कहा कि आप सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक है आपको सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना है आपका स्वस्थ रहना आवश्यक है।आप सभी को अपनी दिनचर्या में बदलाब लाना होगा साथ में जंक फूड से दूर रहना होगा एवं पौष्टिक आहार लेने होगा तभी स्वास्थ रह सकते है।उन्होंने ज्ञान ज्योति स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की सेवा गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप विशेष सात दिवसीय कैंप के माध्यम से ग्राम स्वराज्य की जो अलख जगा रहे है।आपका रासेयो शिविर वास्तव में सफल शिविर है।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी, ई एन टी विशेषज्ञ डॉ सुधीर शुक्ला दंत रोग विशेषज्ञ डॉ हितेश मिश्रा,समाजसेवी डॉक्टर लता नागले, डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा, डी एस चौरे, अलका शुक्ला, डॉ मीरा पराड़कर, श्रीमती अर्चना माहोरे सहित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन उपस्थित थे ।

# मंधान बांध से अवैध मोटर पंप किये गये जब्त

## मधान बांध जल संग्रहण क्षेत्र में जल चोरी के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड परासिया के अंतर्गत मधान बांध जल संग्रहण क्षेत्र में आज जल चोरी के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही संपादित की गई। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिये बांध का जल आरक्षित रखना अनिवार्य है, किंतु ग्राम काजरा एवं लहगडुआ के समीप कतिपय कृषकों द्वारा मधान बांध से अनाधिकृत रूप से विद्युत मोटर पंप लगाकर जल की चोरी की जा रही थी। इस अवैध जल दोहन की सूचना प्राप्त होते ही तहसील कार्यालय तामिया एवं पीएचई विभागीय टीम द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें बांध के जलग्रहण क्षेत्र (कैचमेंट एरिया) से सीधे सिंचाई के लिये जल का उपयोग किया जाना पुष्ट हुआ। मौके पर कार्यवाही करते हुए संयुक्त दल द्वारा जल चोरी में प्रयुक्त किए जा रहे अवैध मोटर पंपों को जप्त कर लिया गया है।

विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि बांध से इस प्रकार का अवैध जल आहरण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने के लिये भविष्य में भी इस प्रकार के अवैध दोहन एवं जल चोरी के विरुद्ध निरंतर निगरानी रखते हुए कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# मोहखेड़ क्षेत्र के पालाखेड़ में आबकारी दल की दबिश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने आज बुधवार सुबह मोहखेड़ क्षेत्र के ग्राम पालाखेड़ में दबिश देकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की।

आबकारी टीम द्वारा कैलाश घाघरे नामक व्यक्ति के ढाबे और रिहायशी मकान में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 7.56 बल्क लीटर विभिन्न ब्रांड की विदेशी मदिरा, 06 बल्क लीटर बीयर की कैन, 3.06 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन तथा 13 लीटर कच्ची महुआ हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। मौके पर उपस्थित मिले व्यक्ति शुभम घाघरे के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 और 36 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी.एल. मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम सहित शहर का आबकारी अमला उपस्थित था।

### उत्पादक समूहों के सुदृढ़ीकरण व व्यवसाय वृद्धि को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** उत्पादक समूहों के सुदृढ़ीकरण एवं व्यवसाय वृद्धि के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष छिंदवाड़ा में जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के समस्त उत्पादक समूहों के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पुरुषोत्तम राजोदिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कुमार द्वारा जिले में गठित नए एवं पुराने उत्पादक समूहों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उत्पादक समूहों को जारी की गई राशि की भी समीक्षा की गई तथा समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि जिला छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में नए उत्पादक समूहों के लिए सीएलएफ में जारी की गई राशि को तीन दिवस के भीतर संबंधित उत्पादक समूहों को उपलब्ध कराया जाए।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं ने लिया कुकीज व बेकरी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड छिंदवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को आज बेकरी उत्पाद



निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। केनरा बैंक के सहयोग से दो दिवसीय यह प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को सूर्यवंशी बेकरी छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित महुआ एवं मिलेट्स से बनने वाले बिस्किट बेकरी यूनिट की गुणवत्ता में सुधार करना तथा ब्रेड, नानखटाई, बिस्किट, डोनट, क्रीम रोल जैसे उत्पादों में कुटकी, रागी, समा जैसे स्मॉल मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देना था, ताकि कम लागत में अधिक आय प्राप्त की जा सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस ब्रेड, टोस्ट, डोनट और क्रीम रोल बनाने की जानकारी दी गई, वहीं दूसरे दिवस बिस्किट, नानखटाई, केक और फास्ट फूड तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 40 महिला सदस्यों ने भाग लेकर व्यावहारिक रूप से बेकरी उत्पाद बनाना सीखा।

# उपायुक्त सहकारी संस्था से साझा की संस्थागत अनियमिततायें

**परासिया :-** मध्य प्रदेश राष्ट्रीय कोयला खदान संघ के संचालक मण्डल संघ सदस्यों ने उपायुक्त छिंदवाड़ा से संस्थागत अनियमिततायें साझा की है । संचालक मण्डल के सदस्य अमित तिवारी , अरविन्द यादव और विनय कुमार बेलिया ने पत्र लिखकर उपायुक्त को अवगत कराया है , कि उनके द्वारा संस्था के अध्यक्ष / प्रबंधक को बार - बार मौखिक रूप से कई बिन्दुओं पर आपत्ति जताई जाती है , फिर भी उनकी आपत्तियों को अनसुना कर मनमर्जी का कार्य किया जा रहा है । सदस्यों ने बताया , कि 02 मार्च 2026 को प्रशासनिक उप समिति की बैठक रखी गई थी , जिसमें वास्तनिक रूप से संस्था के अध्यक्ष एवं प्रशासनिक उप समिति के सदस्य उपस्थित नहीं थे । जिनके कारण बैठक संपन्न नहीं हुई , अगले ही दिन संचालक मण्डल सदस्य के बैठक रजिस्टर में हस्ताक्षर कराकर उनका टी.ए. भी चार्ज कराया गया । 10 मार्च को पुनः बैठक रखी गई जिसकी सूचना उन्हें नहीं दी गई । इन सदस्यों की मांग है , कि इस बैठक में संस्था कार्यालय भवन एवं कर्मचारी निवास में डिस्टेंमबरिंग , व्हाईट वाशिंग , रिपेयरिंग , मेंटेनेंस कार्य , पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य कराने की स्वीकृति कराकर लाखों का बिल भुगतान कराया जायेगा , जिसे रोका जाए ।संस्था का चौपहिया वाहन का क्रय सिर्फ बैंक से कैश लाने व ले जाने के लिये किया गया था , लेकिन इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए भी किया जा रहा है । संस्था की जो भी मासिक बैठक होती है उस बैठक रजिस्टर में संचालक मण्डल सदस्य के हस्ताक्षर पहले ही करा लिये जाते है । मण्डल सदस्यों की मांग है , कि इस मामले में निष्पक्ष जांच की जाय और अनियमितताओं पर रोक लगाई जाए ।

## छिंदवाड़ा में पैथोलॉजी के नाम पर बड़ा खेल

# बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के बन रही जांच रिपोर्ट, मरीजों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जिले में इन दिनों पैथोलॉजी लैबों का एक ऐसा बाजार तेजी से फल-फूल रहा है, जिस पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कई पैथोलॉजी लैबों में एमडी पैथोलॉजिस्ट के फर्जी हस्ताक्षरों से जांच रिपोर्ट जारी की जा रही हैं। यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि सीधे-सीधे मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ भी है।

स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता के कारण यह पूरा कारोबार खुलेआम चल रहा है और शहर में पैथोलॉजी के नाम पर करोड़ों का खेल हो रहा है।जानकारों के अनुसार जिले में बड़ी



संख्या में ऐसी लैब संचालित हो रही हैं, जिनमें वास्तविक एमडी पैथोलॉजिस्ट की मौजूदगी ही नहीं होती, फिर भी रोजाना सैकड़ों जांच रिपोर्ट जारी कर दी जाती हैं। आरोप है कि कुछ लैब संचालक एक ही पैथोलॉजिस्ट के नाम पर तीन से चार पैथोलॉजी सेंटर चला रहे हैं, जबकि संबंधित डॉक्टर अधिकांश समय दूसरे शहरों में रहते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जांच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कौन कर रहा है और उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। सबसे गंभीर बात यह सामने आ रही है कि छिंदवाड़ा की कई पैथोलॉजी रिपोर्टों पर नागपुर के डॉक्टर भरोसा नहीं करते।

चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि वहां के विशेषज्ञों को पता है कि यहां कई जगह रिपोर्ट बिना विशेषज्ञ की निगरानी के जारी की जाती हैं। इसी वजह से कई मरीजों को नागपुर जाकर दोबारा जांच करानी पड़ती है, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है।

सूत्रों का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क में कमीशन का बड़ा खेल चल रहा है। कई डॉक्टर मरीजों को अनावश्यक जांच कराने की सलाह देते हैं, क्योंकि जांच की रकम में से उनका हिस्सा तय होता है। दूसरी ओर लैब संचालक कलेक्शन सेंटर, एजेंट और कर्मचारियों के जरिए मरीजों को अपनी लैब तक खींचने का प्रयास करते हैं। मरीजों से वसूली गई रकम से ही इस पूरे नेटवर्क का खर्च चलता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कलेक्शन सेंटर खुल गए हैं, जहां केवल खून या अन्य सैंपल लिए जाते हैं और बाद में किसी दूसरी लैब के नाम से रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। कई मामलों में मरीजों को यह तक पता नहीं होता कि उनकी जांच वास्तव में किस लैब में हुई है और रिपोर्ट किस विशेषज्ञ ने देखी है।स वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि गलत या बिना विशेषज्ञ की निगरानी में बनी जांच रिपोर्ट मरीज के इलाज को पूरी तरह गलत दिशा में ले जा सकती है। यदि रिपोर्ट ही गलत हो, तो डॉक्टर द्वारा दिया गया इलाज भी गलत साबित हो सकता है। ऐसे में मरीज की जान को सीधा खतरा पैदा हो जाता है।

इन गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर शिकंजा नहीं कसा गया, तो पैथोलॉजी के नाम पर चल रहा यह बाजार और भी फैल सकता है। शहर के सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले की सभी पैथोलॉजी लैबों की तत्काल जांच कराई जाए।

### निःशुल्क पुस्तक वितरण

**छिन्दवाड़ा।** गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी छिंदवाड़ा द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निःशुल्क पुस्तक वितरण का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में विकासखंड बिछुआ स्थित सहयोग निःशुल्क कोचिंग सेंटर में यूपीएससी परीक्षा से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया।

### न्यायालय नायब तहसीलदार (सांवरी) मोहखेड़, छिंदवाड़ा

क्र./ /तहसील/मोहखेड़/2026 दिनांक 10/03/2026

// इश्तेहार-उद्घोषणा//

सर्वसाधारण के सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद यादव सुकराम यादव जाति अहीर निवासी वार्म पिता तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा द्वारा स्वयं के भाई स्व0 रामनाथ यादव पिता सुकराम यादव के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं कराये जाने से विलम्ब से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने संबंध में संबंधित दर्ज पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने संबंध में मय दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया हैं।

**मृत्यु का विवरण नाम/पता रामनाथ यादव** पिता सुकराम यादव मृत्यु स्थान बिंदरई दिनांक 10-04-2025 । उक्त नाम विलंबित पंजीयन दर्ज किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्थान जो कि संबंधित व्यक्ति से संबंध रखते हो तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के संबंध में किसी प्रकार का दावा आपत्ति पेश करना चाहते हो वह सुनवाई दिनांक 25/03/2026 को समय 11 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित रूप से आपत्ति पेश करें। नियत सुनवाई तिथि पर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में बिलंबित पंजीयन संबंधी कार्यवाही सम्पन्न किए जाने उपरांत प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचारण नहीं किया जावेगा। वास्ते आज दिनांक 10/03/2026 को इस न्यायालय की मेरे हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया।

मुहर

पद मुद्रा
तहसीलदार मोहखेड़

## 'वृंदावन ग्राम योजना' से छिंदवाड़ा में गौ-पालन और डेयरी विकास को मिली नई गति

# 'वृंदावन ग्राम योजना' से किसानों की आय में हो रही बढोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और गौ-पालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए 'वृंदावन ग्राम योजना' एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभर रही है। शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक विधानसभा से एक-एक ग्राम का चयन किया गया है, जहां समग्र ग्रामीण विकास के साथ पशुपालन गतिविधियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, वन विभाग, ऊर्जा विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने प्रत्येक विधानसभा से तीन-तीन ग्रामों का चयन किया। इसके बाद कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में समीक्षा कर प्रत्येक विधानसभा से एक ग्राम को अंतिम रूप दिया गया, जिसे जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार के अनुसार जिले में विधानसभा क्षेत्रवार पाँच ग्रामों को वृंदावन ग्राम के रूप में चयनित किया गया है, चौरई विधानसभा से समसवाड़ा, अमरवाड़ा से सालीवाड़ा शारदा, छिंदवाड़ा से भैंसादंड, जुन्नारदेव से लहगडुआ तथा परासिया से बीजकवाड़ा। इन ग्रामों को डेयरी गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ हो चुका है। वृंदावन ग्राम योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामों को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना तथा सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का विस्तार करना है। इसके साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण और सौर ऊर्जा जैसी गतिविधियों को भी जनभागीदारी के साथ लागू किया जा रहा है। चारागाह विकास, आधारभूत संरचना निर्माण तथा ग्रामीण परिवारों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर गांवों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

चयनित वृंदावन ग्रामों में पशुपालन विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 2338 लीटर दूध का संग्रहण हो रहा है। नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत 336 कृत्रिम गर्भाधान और 131 बधियाकरण किए गए हैं। पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए 12 पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए तथा 5489 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

## सेवा संकल्प सोसाइटी का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 315 लोगो ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**छिंदवाड़ा।** अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में स्वर्गीय पं. श्याम स्वरूप शुक्ला की पुण्य स्मृति मे विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन खजरी चौक ओवरब्रिज के नीचे स्थित पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर राज शंकरशाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर इंद्र प्रसाद त्रिपाठी जी ,सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम ,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद तिवारी , चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक कृष्ण हरजानी,जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन हॉस्टल अधीक्षक कमलेश डेहरिया, अधीक्षक हेमकरण तिरकाम श्रीमती राधा रानी शुक्ला, समाजसेवी अंशुल शुक्ला सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा,सचिव संदीप अग्निहोत्रीन शिविर संयोजिका सुश्री आराधना शुक्ला प्रमुख रूप से निःशुल्क स्वास्थ शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बतौर अतिथि मंचासिन थे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शहर के सुप्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सको ने विभिन्न रोगों की जांच कर परामर्श दिया शिविर में स्त्री रोग, दंत रोग, आयुर्वेद, हृदय एवं मधुमेह, फेफड़ा एवं छाती रोग, किडनी एवं मूत्र रोग, बाल एवं शिशु रोग, नाक-कान-गला, अस्थि रोग, चर्म रोग, होम्योपैथी एवं जनरल फिजिशियन ने अपनी सेवाएं प्रदान की उनमें स्त्री,प्रसूति रोग विशेषज्ञः डॉ. नीरजा तिवारी, डॉ. शोभा मोइत्रा, डॉ. प्रीति बघेल दंत रोग विशेषज्ञः डॉ. हितेश मिश्रा, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डा भोला, आयुर्वेदाचार्यः डॉ. दिलीप खरे, डॉ. पवन नेमा हृदय, मधुमेह एवं छाती रोग विशेषज्ञः डॉ. जी.एस. दुबे, डॉ. विकास द्विवेदी, डॉ. मनोज किंकर, डॉ. के.एस. बजाज किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञः डॉ. पुष्पेंद्र बघेल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञः डॉ. अल्पना शुक्ला, डॉ. शुभम बारंगे, डॉ. आशीष अग्रवाल नाक-कान-गला विशेषज्ञः डॉ. सुधीर शुक्ला अस्थि रोग विशेषज्ञः डॉ. विवेक नाहर, डॉ. नरेंद्र हनोते आदि मोजूद रहे।

## सहयोग निशुल्क कोचिंग सेंटर में यूपीएससी परीक्षा की पुस्तकों का वितरण



**बिछुआ।** क्षेत्र के सहयोग निशुल्क कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गोटूल ट्राइबल वेलफेयर सोसाइटी छिंदवाड़ा एवं वन विभाग के अधिकारी मार्तंड सिंह मरावी द्वारा यूपीएससी परीक्षा से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया।इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से बड़ी से बड़ी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है।मार्तंड सिंह मरावी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को यदि उचित अवसर और संसाधन मिलें, तो वे भी देश की बड़ी सेवाओं में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना सकते हैं। उन्होंने यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को उपयोगी पुस्तकें भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति समर्पित रहने, नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने भी इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन पुस्तकों से उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी मदद मिलेगी।कार्यक्रम में कोचिंग सेंटर में डिप्टी रेंजर परसराम उइके, पाला सरयाम, रामदास उइके, प्रमोद श्रीवास,श्रावण कामड़े (संचालक) सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ईको क्लब के द्वारा वर्मीकम्पोस्टिंग एवं किचन गार्डनिंग पर कार्यशाला आयोजित



**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ के ईको क्लब के तहत ₹ग्रीन कैम्पस इनीशिएटिवः वर्मी कम्पोस्टिंग एवं सस्टेनेबल किचन गार्डेनिंग₹ विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर पी यादव ने की। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती एवं सतत कृषि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।ईको क्लब प्रभारी डॉ. नवीन कुमार चौरसिया ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. झाड़े, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख (उद्यानिकी), कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव, छिंदवाड़ा (म.प्र.) ने अपने व्याख्यान में वर्मी कम्पोस्टिंग एवं जैविक कृषि के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्मी कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक कचरे को उपयोगी खाद में परिवर्तित कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम किया जा सकता है।दूसरे वक्ता वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ डी सी श्रीवास्तव ने किचन गार्डनिंग विषय पर पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से घरों में परिसर में सब्जियां उगाने पर जैविक तरीका अपनाने पर जोर दिया। साथ ही वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, बिछुआ डॉ अरविंद जावरे ने कृषि एवं किसानों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। महिला कृषक श्रीमती लक्ष्मी घाघरे ने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर अनेक किसानों को उपलब्ध करा रही हैं।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, किट वितरित किए गए।

# वार्ड की उपेक्षा को लेकर , पंच नाराज कलेक्टर से शिकायत

**इकलेहरा / परासिया :-** ग्राम पंचायत इकलेहरा की एक पंच अपने वार्ड की उपेक्षा को लेकर नाराज चल रही हैं। जिसके चलते उन्होंने कलेक्टर से शिकायत भी की है। शबीना बानो ये इकलेहरा ग्राम पंचायत में वार्ड 14 की पंच हैं। इनका आरोप है , कि इनके वार्ड की हमेशा से उपेक्षा की जा रही है। वार्ड में स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। नालियां जर्जर हो गई हैं। बीते 3 साल से नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। इनके वार्ड में तिरंगा लाइट भी नहीं लगाई गई है। जिसके चलते वार्ड वासियों की नाराजगी भी इन्हें झेलनी पड़ती हैं। पंचायत द्वारा द्वेष भावना रख कर कार्य किया जा रहा है। पंच शबाना ने इस मामले में कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने पंचायत द्वारा ख़रीदे गए कुछ एल ई डी बल्बों के बिलों पर सवाल खड़े किए हैं और इन बिलों की जांच की मांग भी रखी है।

## आज मनेगा प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जन्मकल्याणक महोत्सव

**छिंदवाड़ा** - चैत्र वदि नवनी दिना जन्मा श्री भगवान, इंद्र आय उत्सव किया हम पूजे धरि ध्यान, आज चैत्र वदि नवमी का शुभ दिन गुरुवार 12 मार्च को सकल जैन समाज के साथ श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान ऋषभदेवजी का मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि श्री आदि प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7 बजे नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.30 बजे से ध्वजारोहण, 7.45 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री आदिनाथ पूजन कर जन्मकल्याणक महोत्सव की खुशियां मनाई जावेगी, 9 बजे से स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के सीडी प्रवचन एवं शास्त्र स्वाध्याय का कार्यक्रम रखा गया है।जिसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज से मंडल एवं फेडरेशन की ओर सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, अशोक वैभव, प्रमोद जैन, जिनेन्द्र जैन, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, संजय कौशल, वर्धमान जैन, सचिन जैन, आशीष कौशल, विशाल शास्त्री, विवेक जैन सहित समस्त जिनशासन सेवकों द्वारा की गई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कानूनों का विधिवत पालन की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



सामाजिक कार्यकर्ता भगवान दिन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एव सामाजिक संगठनों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश हाई कोर्ट अहमदाबाद के नाम ज्ञापन देकर अन्तराष्ट्रिय मानव अधिकार आयोग के कानून का विधिअनुरूप पालन की मांग की ज्ञापन में बताया कि मोटेरा स्टेडियम अहमदाबाद से सटा हुआ परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू का आश्रम है। जो पूरी दुनिया में आध्यात्मिक शांति के लिए प्रसिद्ध है।

इस आश्रम में गुरुकुल भी है और जीवन उपयोगी आयुर्वेदिक दवाइयों का भी निर्माण होता है तथा निर्धन जनो निःशुल्क उपचार भी किया जाता है ! इसी आश्रम से देश के 550 आश्रम और 18 हजार बाल संस्कार केंद्र संचालित होते हैं। इस वर्ष 14 फरवरी को देश मे 74 करोड़ माता - पिता पूजे गए। ऐसी अनगिनत जनहितकारी योजनाएं यहाँ से संचालित होती हैं। इसी आश्रम से विश्व के लगभग 3 अरब से अधिक लोग प्रतिवर्ष लाभांवित हो रहें हैं। उक्त जानकारी गूगल पर भी देखी जा सकती है। अहमदाबाद सरकारी प्रशासन जबरन इस आश्रम को हटाना चाहता है। जबकि आश्रम प्रबंधन के पास उक्त जमीन के सभी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। प्रशासन का कहना है कि हमको 2036 में होने वाले ओलंपिक के लिए मैदान बड़ा करना है जिसके लिए 650 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। हमारे पास सरकारी आदेश है। हम भी चाहते हैं कि देश में ओलंपिक खेल हो ! सरकार यह विकास कार्य 640 एकड़ में भी कर सकती हैं। आश्रम परिसर की लगभग 10 एकड़ जमीन छोड़ी जा सकती है। वर्तमान में विश्व के हालत बहुत गम्भीर हैं। पूरे विश्व में अफरा - तफरी मची है।

# भानेगाँव के एडवेंचर स्कूल की धारिता बिसेन का इंस्पायर अवार्ड 2025-26 के लिए चयन

### लांजी-किरनापुर क्षेत्र के एकमात्र अशासकीय अंग्रेज़ी विद्यालय से छात्रा का राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी-किरनापुर क्षेत्र के अशासकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगाँव की कक्षा 8 की छात्रा धारिता बिसेन (ग्राम चंगेरा, पिता ओंकार बिसेन, माता खेमलता बिसेन) का चयन भारत सरकार के विज्ञान-प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवाड्र्स-मानक 2025-26 में हुआ है। विद्यालय से पूर्व में भी छह छात्र इस पुरस्कार के लिए चुने जा चुके हैं।संचालक ए.आर. कुशले, प्रधानपाठिका ममता कुशले, विज्ञान शिक्षक सुभम मेश्राम, रोहित चंदेल व अन्य शिक्षकों-कर्मचारियों, पालक-शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, सचिव भूमेश्वर तुरकर तथा महिला समिति अध्यक्ष सविता मिसारे सहित विद्यालय परिवार ने धारिता और उनके परिजनों को शुभकामनाएँ दीं।

# लांजी न्यायालय में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत, सुलह से निपटेंगे कई मामले

### जिला बालाघाट में 20 खंडपीठें गठित, लांजी में क्रमांक-14 पर शमनीय अपराध, चेक बाउंस, विद्युत, बैंक रिकवरी आदि का निराकरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण-नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण-जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला-सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण तथा सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को जिला न्यायालय बालाघाट व व्यवहार न्यायालय लांजी में नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। लांजी में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रीतम शाह की खंडपीठ क्रमांक-14 सहित जिले में कुल 20 खंडपीठें बनाई गई हैं।लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, दीवानी, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, विद्युत अधिनियम, NI Act के चेक बाउंस, वैवाहिक, श्रम, राजस्व एवं प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत बैंक-बिजली-जलकर/सम्पत्तिकर-चेक बाउंस मामलों का आपसी राजीनामा से निराकरण होगा। तहसील विधिक सेवा समिति लांजी ने पक्षकारों से अधिवक्ता के माध्यम से 14 मार्च को उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की। जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट, समिति कार्यालय लांजी या टोल-फ्री 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जनसेवक मंच की ओर से खैरलांजी में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

स्वर्गीय चुनीलाल जी ऊके के स्मृति पर जनसेवक मंच की ओर से खैरलांजी मुख्यालय में 11 मार्च बुधवार को शीतल पेय जल प्याऊ का शुभारंभ समाजसेवी शरद पांडे एंव जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके के विशेष सहयोग से किया गया। जानकारी के अनुसार जनसेवक मंच की ओर लगातार द्वितीय वर्ष ठंडा जल प्याऊ का प्रारंभ आमजनो की सुविधा के लिए किया गया। मुख्यालय में क्षेत्र के लोग अपने कामकाज के सिलसिले से रोज आना जाना करते है। आमजनो को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए इधर उधर भटकना होता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जनसेवक मंच ने सकारात्मक कार्य करते हुए शीतल पेय जल प्याऊ का शुभारंभ आमजनो के लिए किया ताकि शीतल पेय जल बिना किसी परेशानी से मुख्यालय मे आए हुए नागरिको को आसानी से गर्मी के इन दिनो में उपलब्ध हो जाए। आमजनो के द्वारा शीतल पेय जल प्याऊ के शुभारंभ करने पर जनसेवक मंच के पदाधिकारीयो की सहराना की गई। शुभारंभ के अवसर पर समाजसेवी शरद पांडे, प्रकाश ऊके जिप.सदस्य भौरगढ, देवेंद्र मोरकुरे, लखन लाल राहंगडाले, घनश्याम राऊत सरपंच सालटेका, कैलाश मेश्राम, मुकेश गजभिऐ, सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## नागपुर, रायपुर, जबलपुर जाने कम खर्च पर मरीजों को 108 एम्बुलेंस की मिलेगी सुविधा-विवेक पटेल

# विधायक की उपस्थिति में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी के कार्यालय में विधायक विवेक पटेल की उपस्थिति में बुधवार को रोगी कल्याण समिति के बैठक संपन्न गई।जिसमें शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी की स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सीय सुविधाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मरीजो को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने मशीनरी की मरम्मत कार्य करवाने जैसी विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से बन रही 100 बिस्तरीय निर्माणधीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबधित ठेकेदार को दिए गए। इस दौरान एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, बीएमओ सत्यम शर्मा, पुरुषोत्तम देखमुख, मुकेश बरिया, सुदेश गुड्डू सोनी, शैलेन्द्र सेठी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**कम खर्च पर मरीजों को मिलेगी सुविधा :** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे मरीज जो गम्भीर बीमारी,एक्सीडेंट या अन्य इलाज के लिए शासकीय चिकित्सालय में इलाज करवाने आते है और उन्हें किसी कारणवश उन्हें बालाघाट, गोंदिया,नागपुर, जबलपुर या अन्य स्थानों पर उपचार की सलाह दी जाती है। उन्हें कम खर्च पर 108 एम्बुलेंस द्वारा उन स्थानों पर पहुंचाया जाएगा। जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

**शराब पीकर ड्यूटी के रहे डाक्टरों पर तत्काल सस्पेंड करने के दिए निर्देश :** बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कार्तिकेय जायसवाल ने कहा कि लगातार शराब पीकर ड्यूटी करने की शिकायत मिल रही है। जिससे हॉस्पिटल का माहौल खराब हो रहा है, मरीज परेशान हो रहे है। मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। ऐसे शराब पीने वाले डॉक्टर को तत्काल सस्पेंड करने के निर्देश एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा बीएमओ सत्यम शर्मा को दिए गए।

**बचे फंड से तत्काल करवाए सुधार कार्य :** शहर एवं ग्रामीणों क्षेत्रों के मरीज शासकीय चिकित्सालय में अपना इलाज करवाने आते है। जब उन्हें कोई सुविधा नहीं मिलती, तो वे निराश होकर वापस चले जाते है और कर्ज लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल में हजारों रुपए खर्च कर ईसीजी,एक्सरे करवाते है।अभी फंड में लगभग 11 लाख रुपए की राशि बची है।उन्हीं राशि से इसी माह तत्काल सभी उपकरणों को ठीक करवाए, ताकि जल्द से जल्द मरीजों को इसका लाभ मिल सके।

**डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के रहे प्रयास :** विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की एक्सरे मशीन, ईसीजी मशीन खराब पड़ी है।जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी माह के अंतिम तक चिकित्सालय में जितनी भी मशीन खराब पड़ी है।उनका सुधार कार्य करके शुरू करने के निर्देश दिए है। वहीं कम खर्च पर मरीजों को 108 एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। बालाघाट 1 हजार रुपए,गोंदिया 2 हजार रुपए,नागपुर 5 हजार रुपए, छिंदवाडा 7 हजार रुपए और जबलपुर,रायपुर का 7 हजार रुपए डीजल का किराया तय किया गया है। वहीं अभी कुछ डाक्टरों की कमी है। माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से चर्चा कर क्षेत्र के हॉस्पिटल में डॉक्टर लाने का प्रयास करेंगे।

## स्वदेशी उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत की नींव

# कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर के राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी के अर्थशास्त्र और वाणिज्य विभाग के द्वारा बुधवार 11 मार्च को 'स्वदेशी उद्यमिता आत्मनिर्भर भारत की नींव' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष गौरव सिंह पारधी के विशेष आतिथ्य में यह आयोजन हुआ। संगोष्ठी में पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर से अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार कुमेती, एफडीडीआई छिंदवाड़ा के डॉ विनीत वर्मा और



एम.बी.पटेल महाविद्यालय साकोली के वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक डॉ बलदेव बी.काकड़े विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। सुबह 11 बजे मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन कर संगोष्ठी की शुरूआत हुई शाम 05 बजे तक शोधकर्ताओं ने विषय पर तथ्य, सिद्धांत, विश्लेषण और निष्कर्ष पर अपना व्याख्यान दिया। महाविद्यालय परिसर में स्वेदशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। प्रदशर्नी में कॉलेज के विद्यार्थियों ने हेड क्राफ्ट, स्व सहायता समूह ने भोजन सामग्री, जैविक खाद, फूल उत्पादक किसान ने फूलों, बांस से निर्मित उत्पादन, छिंद से निर्मित उत्पादन की और गाय के गोबर से निर्मित प्रतिमा और धूप बत्ती की प्रदर्शनी लगाकर इन उत्पादनों का उपयोग करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शेण्डे, संयोजक डॉ कुसुमलता उइके, सह संयोजक डॉ दयाराम साहू, डॉ रागिनी गुप्ता, डॉ नीरज सोनी, सुश्री साक्षी ठाकरे, डॉ कविता अहिंगारे, अधीर घोड़ेश्वर, श्रीमती दिव्या सोयाम, विकास ठाकरे, कैलाश बरले, डॉ आंकाक्षा मेश्राम, अंजुलता गोस्वामी, श्रीमती अनिता देशमुख, श्रीमती पूजा भगत, सुश्री खुशी गेड़ाम, डॉ चन्द्रदीप साहू और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# फांसी पर लटकी मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरी में पलाश के पेड़ पर गांव के ही एक 65 वर्षीय वृद्ध की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। घटना सावरी से सोनेगांव सड़क मार्ग पर महाजन के खेत की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 65 वर्षीय रामचंद्र पिता मडगु नगरे की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार 11 मार्च की दोपहर 1 बजे ग्रामीणों के द्वारा रामचन्द्र की लाश को पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके देखा गया। जिसकी सूचना गांव के सरपंच और कोटवार को दी गई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर स्थल पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को फंदे से नीचे उतारकर शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 09 बजे पिता ने भोजन किया। जिसके बाद वह घर से निकल गए थे। वहीं पुत्र भी एक विवाह समारोह के कार्ड बांटने के लिए घर से निकल गया था। दोपहर में उन्हें फोन पर पिता की लाश मिलने की जानकारी का पता चला और वह घर वापस लौटे। पिता ने आत्महत्या क्यों की फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुत्र के अनुसार वह अपने परिवार के साथ अलग रहता था जबकि माता-पिता अलग निवास करते थे।



## खबर संक्षेप

### 13 मार्च को 'पीएम किसान उत्सव दिवस' किसानों को मिलेगी पीएम किसान की 22वीं किश्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 13 मार्च 2026 को 22वीं किश्त की राशि जारी की जाएगी। इस अवसर पर जिले में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य प्रसारण गुवाहाटी (असम) से किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान कार्यक्रम से जुड़ सकें और योजना की जानकारी प्राप्त कर सकें। योजना से जुड़े ग्रामों में पटवारियों को वीएनओ के रूप में नामांकित किया गया है। वीएनओ किसानों को कार्यक्रम से वर्चुअली जोडने के साथ ही उन्हें पीएम किसान योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे। साथ ही किसानों को किश्त प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी, आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग तथा पीएम किसान पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति देखने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### 14 मार्च को मानस भवन में लगेगी नेशनल लोक अदालत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**/ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन मानस भवन, नगर पालिका कार्यालय में किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा आम नागरिकों एवं करदाताओं से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया संपत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा करें। लोक अदालत में कर जमा करने पर अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार छूट भी प्रदान की जाएगी। जिन करदाताओं पर 10 हजार रुपये से अधिक संपत्ति कर अथवा अन्य करों की राशि बकाया है और यदि वे समय पर राशि जमा नहीं करते हैं, तो ऐसे बकायादारों के नाम स्थानीय समाचार पत्रों तथा नगर के प्रमुख स्थानों पर प्रकाशित किए जाएंगे। अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सभी करदाताओं से अपील की गई है कि वे 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने बकाया करों का भुगतान कर छूट का लाभ प्राप्त करें।

### भावा एकेडमी का 17 वा स्थापना दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर - तहसील मुख्यालय घंसौर के इंग्लिश मीडियम भावा एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल में 10 मार्च मंगलवार को स्कूल स्थापना दिवस मनाया गया।जहां स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है साथ ही अतिथि के रूप प्रमुख जनों को आमंत्रित किया गया है, 10 मार्च 2010 को भावा एकेडमी की स्थापना हुई थी जिसके बाद से विद्यालय सतत रूप से शिक्षा के क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है, पूज्य स्वर्गीय भावा ₹श्रीमति शशिप्रभा सिसोदिया₹ द्वारा घंसौर में एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान देने का प्रयास रहा जो शहर की बजाए घंसौर में ही उपलब्ध कराया जा सके, भावा हमेशा शिक्षा को लेकर चिंतन करती रही है, जिसका स्वरूप भावा एकेडमी के रूप में साकार होता नजर आ रहा है कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जहां अतिथियों ने ध्वजारोहण किया तदुपरांत राष्ट्रगान हुआ, इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर साल श्रीफल भेंट कर किया गया तत्पश्चात विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना का पाठ किया।

# भीषण सड़क हादसे में चार घायल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रात्रि करीब 2 बजे नागपुर से इलाज करवा कर लौट रहे एक परिवार जो की अर्टिगा गाड़ी नंबर एमपी 54 जेटसी 2914 में सवार थे उमरिया की तरफ जा रहे थे तभी रणधीर नगर झिलमिली मार्ग में उनकी गाड़ी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे इनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई तभी एक पीछे से आ रही एक प्राइवेट एंबुलेंस यूपी 70 एनटी 9521 अर्टिगा को पुनः टक्कर मार दी जिससे हादसा और भीषण हो गया। अर्टिगा में सवार कोमल कुमारी 26, अनुराग ठाकुर 32 साल उनके पिता रामप्रसाद ठाकुर 62 साल उनकी माताजी अरुणा ठाकुर 58 गंभीर रूप से घायल हो गई, सभी को गर्दन पीठ और पैर पर चोट के निशान है तभी मौके पर छपारा 108, बंडोल 108 और आदेगांव 108 मौके पर तत्काल पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करवाया , जहां घायलों की स्थिति देखते हुए छपरा से दो गाड़ी 108 के माध्यम से ही जिला अस्पताल के लिए रेफर किए गए, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन में जुआ खेलते 6 जुआरी गिरफ्तार, नगदी व ताश के पत्ते जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



कोतवाली पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा (सिवनी) में जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5560 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं तथा सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में जिले में जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 10 मार्च 2026 को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर 6 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5560 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। साथ ही लॉन संचालक को भी नोटिस जारी किया गया है और परिसर की मालिकाना हक संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

## कुरई घाटी मे पलटा ट्रक, एक की मृत, एक घायल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र में हाइवे पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक की मौत हो गई, वही परिचालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि हरियाणा से चांवल की बोरी लोड करके पुडुचेरी जा रहा ट्रक क्रमांक एमपी 39 बी 4199 कुरई घाटी मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ट्रक चालक आंध्रप्रदेश के ईस्ट गोदावरी के ग्राम काकावाड़ा निवासी सी श्रीनिवासराव व परिचालक पी शंकरराव घायल हो गया। जिन्हें पुलिस द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

### अनियंत्रित होकर बाइक गड्ढे मे गिरी एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के उगली थाना क्षेत्र में उगली से चांगुटोला ग्राम रोड पर सोमवार देर रात एक बाइक गड्ढे में गिरने से अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बाइक सवार अशोक सूर्यवंशी (40) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना उस समय हुई जब अशोक सूर्यवंशी घंसौर ग्राम से अपने घर चांगुटोला जा रहे थे। अचानक उनकी बाइक सडक़ पर मौजूद एक गड्ढे में गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी।

# अरी में पानी को लेकर मचा हाहाकार...

**अरी। ग्राम अरी में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है परेशान जनता का कोई माई बाप नहीं जिसके चलते ग्राम की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों के द्वारा इस आशय का शिकायत पत्र कलेक्टर को जनसुनवाई में दिया गया है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कहने को तो अरी ग्राम पंचायत जनपद की सबसे बड़ी पंचायत है लेकिन कोई जिम्मेदार न होने के कारण अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है इन सबके लिए हमारे ग्राम एवं क्षेत्र के कुछ छूट भैया नेता जिम्मेदार हैं जो नहीं चाहते कि यहां कोई सरपंच हो और कोई काम हो लोग परेशान होते रहे इसी वजह से यहां पर प्रशासन की उदासीनता के चलते यहां कोई सरपंच नहीं है और सचिव भी है जैसे नहीं है क्योंकि लगभग चार माह से से सचिव महेश गौतम के द्वारा पंचायत में उपस्थित तो दर्ज कर दी गई है लेकिन यहां की बार-बार होने वाली शिकायतों से परेशान होकर चार्ज नहीं लेना चाहते हैं जिसके कारण किसी के पास भी भुगतान के अधिकार नहीं है इसी वजह से ना तो नल जल योजना ही सुचारू रूप से चल पा रही है और ना ही कोई काम हो पा रहे हैं आज हालात यह



हो गए हैं की ग्राम के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं उनकी सुनने वाला कोई नहीं है ग्राम के कुछ जागरूक नागरिक रकीब खान अब्दुल खान अफजल खान संतोष यादव कृष्ण कुमार यादव गुड्डू खान समीर खान बासिद खान गौरी शंकर नागपुरे टेकचंद अजीज खान अकबर खान आमिर खान द्वारा चंदा करके बोर से मोटर निकलवा कर दूसरे खराब मोटर की जगह उसे डाला गया है ताकि लोगों को पानी मिल सके क्योंकि ग्राम के मध्य में खारा पानी है और उनकी उम्मीदें नल से आने वाले पानी पर टिकी होती है वैसे भी मुस्लिम भाइयों के रोजे चल रहे हैं और कुछ ही समय पश्चात चैत्र नवरात्र भी शुरू हो जाएगी गर्मी भी अपना असर दिखने लगी है देखना है निरंकुश प्रशासन में बैठे जनपद के कर्मचारी अधिकारी हो या फिर जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी कितना ध्यान देते है या फिर इसी तरह इस ग्राम की दुर्दशा होते रहेगी इन सब के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है। भुगतान के अधिकार किसी के पास भी न होने के कारण लगभग 7 माह पूर्व कराए गए मध्यावधि चुनाव में लगाए गए टेंट एवं भोजन बना कर देने वाले के साथ-साथ पंचायत के कर्मचारी नल जल योजना में लगे कर्मचारीयों को भुगतान के लाले पड़े हुए हैं लेकिन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंख मूंद कर कुंभ करनी नींद में सो रहे हैं।

# मरझोर में श्री शिव महापुराण ज्ञान को भक्तों ने श्रवण किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के मरझोर स्थित शिवनगर में शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीशिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हो गया है। नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के पहले दिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा और भक्ति के महत्व का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

आयोजकों के अनुसार शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 8 मार्च से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और दोपहर में धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम जारी रहेगा। पहले दिन सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक मण्डल पूजन तत्पश्चात 10बजे से11.00बजे तक रुद्रअभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का स्मरण किया।

दोपहर 2बजे से 5 बजे तक कथा प्रवचन का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथाव्यास पंडित ओमप्रकाश दुबे महाराज ने श्रीशिव महापुराण की कथा का वाचन करते हुए भगवान शिव की महिमा, भक्ति और धर्म के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और भक्त को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है।

कथा के दौरान भगवान शिव के स्वरूप, उनकी करुणा और भक्तों के प्रति उनके स्नेह का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

आयोजन समिति के अनुसार नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह पारायण और दोपहर में कथा प्रवचन का क्रम जारी रहेगा। आयोजन के समापन अवसर पर 16 मार्च को पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है।

आयोजक समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने और धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है।

# अंडर-15 क्रिकेट डिवीजन टीम में डीपीसी स्कूल की तीन छात्राओं का चयन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल की तीन छात्राओं का चयन अंडर-15 क्रिकेट डिवीजन टीम में हुआ है। चयनित छात्राओं में अनुष्का ठाकुर, ईशा सोनवानीया और निवृत्ति बघेल शामिल हैं। बताया गया कि छात्राओं के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और निरंतर अभ्यास के कारण उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। स्कूल संचालक डी.के. चतुर्वेदी एवं शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता चतुर्वेदी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढऩे की प्रेरणा मिलेगी। कोच मनीष चौरेसिया एवं रागिनी ठाकुर को भी छात्राओं की सफलता का श्रेय दिया गया। छात्राओं की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता, विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि वे आगे भी अपने शानदार प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# चैत्र नवरात्रि वाहन रैली की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**सिवनी।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष निकलने वाली भव्य वाहन रैली की तैयारियों को लेकर हिंदू युवा उत्सव समिति सिवनी द्वारा राम मंदिर परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक रात्रि 8.30 बजे प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी, युवाओं एवं समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर रैली की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में वाहन रैली को भव्य, अनुशासित एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार किया गया। रैली के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, सजावट, ध्वज एवं अन्य तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां भी तय की गईं। उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर चैत्र नवरात्रि की वाहन रैली



को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

समिति के सदस्यों ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं और धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करें।

# मरीज से सिटी स्कैन के लिए मांगा पैसा, वीडियो वायरल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

इंदिरा गांधी जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारक मरीज से सिटी स्कैन के लिए पैसों की मांग करने का मामला मंगलवार को सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें अस्पताल का कर्मचारी निशुल्क उपचार की योजना के बावजूद रुपयों की मांग करता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, एक हितग्राही आयुष्मान योजना के तहत सिटी स्कैन कराने अस्पताल पहुंचा था। आरोप है कि वहां तैनात कंप्यूटर




ऑपरेटर ने आयुष्मान कार्ड को अमान्य बताते हुए जांच के बदले नकद भुगतान की मांग की। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने कर्मचारी द्वारा पैसे मांगे जाने के घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सार्वजनिक कर दिया। केंद्र और राज्य सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जिला अस्पतालों में पात्र कार्ड धारकों को निःशुल्क जांच और उपचार की सुविधा अनिवार्य है। जिला अस्पताल में इस प्रकार शुल्क की मांग करना योजना के नियमों और सरकारी निर्देशों का गंभीर उल्लंघन माना जा रहा है।

### इनका कहना है

सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने मामले. की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों से शुल्क लेना प्रतिबंधित है।

डॉ. ठाकुर ने वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर**

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरी बालिकाओं को लगाया जा रहा एचपीवी वैक्सीन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाने के उद्देश्य से जिले में किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पात्र किशोरी बालिकाओं को क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में पात्र किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। भारत में महिलाओं में होने वाला सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है और लगभग 99.7 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) होता है। वर्ष 2022 में देश में सर्वाइकल कैंसर के लगभग 79,103 नए मामले तथा 34,805 मौतें दर्ज की गई थीं।

उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। विश्व के 159 देशों में अब तक 500 मिलियन से अधिक डोज लगाए जा चुके हैं और अब तक कोई गंभीर सुरक्षा समस्या सामने नहीं आई है। बाजार में इस वैक्सीन की एक डोज की कीमत लगभग 4000 रुपये है, जबकि शासन द्वारा यह टीका शासकीय



स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि भारत सरकार के वर्तमान दिशा-निर्देशों के अनुसार 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की एक डोज लगाई जा रही है, जो एचपीवी संक्रमण से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बेटियों को शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाकर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण आज से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र सिवनी बताया गया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 अंतर्गत युवाओं को रोजगारमुखी कौशल प्रदान करने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी स्थित शासकीय आईटीआई में असिस्टेंड बियूटी एण्ड वैलनेस कंसलटेंड ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिसकी आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण की अवधि लगभग 390 घंटे निर्धारित की गई है और कुल 120 सीटें उपलब्ध हैं। यह प्रशिक्षण 12 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन एवं अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई सिवनी में संपर्क कर सकते हैं। इस संबंध में प्रशिक्षण अधिकारी नवीन कटरे ने बताया कि योजना के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8109284330 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पीएलएचआईवी पेशेंटों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने एआरटी सेंटर में शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

परियोजना संचालक मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के दिशा-निर्देशों तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बुधवार 11 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय सिवनी स्थित एआरटी सेंटर जिला चिकित्सालय सिवनी में पीएलएचआईवी मरीजों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक विशेष शिविर (कैम्प) का आयोजन किया गया।

शिविर में 152 पीएलएचआईवी मरीज पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय सिवनी के डॉ. विनोद कुमार नावकर (सिविल सर्जन) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर का स्वागत एआरटी सेंटर के डाटा मैनेजर अवनेश ठाकुर ने किया।

शिविर में विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत एआरटी सेंटर स्टॉफ, डीएसआरसी स्टॉफ तथा आईसीटीसी स्टॉफ द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पीएलएचआईवी मरीजों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडऩा है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य उपचार के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग भी मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 1124 पीएलएचआईवी मरीज नियमित रूप से एआरटी दवाइयों का सेवन कर रहे हैं और ऐसे शिविरों के माध्यम से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार नावकर ने कहा कि एआरटी सेंटर में पंजीकृत मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडऩा भी जरूरी है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ सके।वहीं एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से पीएलएचआईवी मरीजों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है।

### राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने न्यायालयवार दर्ज एवं निराकृत प्रकरणों की प्रगति का अवलोकन करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने साइबर तहसील की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी मामलों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में करने पर जोर दिया। शासकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति से संबंधित राहत प्रकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही कर प्रभावितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

फुटपाथों पर भी व्यापारियों का कब्जा, कहां करें वाहन पार्किंग, नगरपालिका मौन

# शहर में बढ़ते अतिक्रमण से आमजन परेशान





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट शहर में बढ़ते अतिक्रमण ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। मुख्य सड़कों और चौराहों पर दुकानों के फैल जाने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है।

मेन रोड, सर्किट हाउस और शहर के दूसरे प्रमुख इलाकों में फुटपाथों पर कब्जा होने की वजह से गाड़ियां खड़ी करने के लिए जगह नहीं बचती। इसके चलते अक्सर जाम लग जाता है। छोटे दुकानदारों के साथ-साथ बड़े व्यापारियों ने भी नालियों के ऊपर तक अपनी दुकानें फैला ली हैं, जिससे यातायात की स्थिति बिगड़ गई है।

हैरानी की बात यह है कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में खुद कलेक्टर मृणाल मीणा ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नगर पालिका की ओर से अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। नगर पालिका प्रशासन की इस सुस्ती की वजह से अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं।

नगर पालिका सीएमओ बी.डी. कतरोलिया ने माना कि अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है। उन्होंने देरी की वजह बताते हुए कहा कि अतिक्रमण दस्ते का एक कर्मचारी घायल हो गया था, इसलिए कार्रवाई टल गई।

अब सीएमओ ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले दिनों में शहर से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की जाएगी, हालांकि इसकी कोई पक्की तारीख अभी तय नहीं है।

अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय का मामला

# वारासिवनी एसडीएम ने 17 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**बालाघाट निवासी ऋषभ कुमार वल्द पदमचंद जैन व गर्रा निवासी श्रीमती हिमानी पति सुनील हनवत द्वारा लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी में अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण उन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है**

### 8 कॉलोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 09 कालोनाईजर पर 1-1 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल ने नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जाने के मामले में 17 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियम 2014 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

एसडीएम श्री जायसवाल ने 08 कालोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 09 कालोनाईजर पर 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और 10 दिनों के भीतर यह राशि चालान के माध्यम से जमा कर एसडीएम कोर्ट में चालान की प्रति जमा करने कहा गया है। इन कालोनाईजर द्वारा छोटे-छोटे भूखंड विक्रय किये जाने पर तत्काल रोक लगायी गई है। तहसीलदार वारासिवनी एवं लालबर्रा को निर्देशित किया गया है कि इन कालोनाईजर्स द्वारा ग्राम वारा एवं कनकी में भूखंड विक्रय की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कोर्ट को सूचित करें।

अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के मामले में कालोनाईजर वारासिवनी निवासी घनश्याम वल्द जोशीलाल व रोहित पुरी वल्द रेवेंद्र पुरी, नितिन वल्द बिहारीलाल बोपचे, संदेश मिश्रा, अभिनंदन पिता निर्मल कोचर व निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर, बालाघाट निवासी संजय पिता धरमचंद बोथरा व मनीष सोनी पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा वारासिवनी तहसील के ग्राम वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जा रहे थे।

इसी प्रकार कालोनाईजर वारासिवनी निवासी श्रीमती भारती पति नारायण कोलानी, लालबर्रा तहसील के ग्राम जाम निवासी सुरेंद्र पिता बेनीराम बलोने व वारासिवनी निवासी मनीष पिता सत्यनारायण सोनी, निर्मल पिता ज्ञानचंद कोचर व नमन पिता निर्मल कोचर, संजय सिंह पिता गुरुदेव सिंह, बालाघाट निवासी मनीष सोनी पर ग्राम पंचायत क्षेत्र वारा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बालाघाट निवासी ऋषभ कुमार वल्द पदमचंद जैन व गर्रा निवासी श्रीमती हिमानी पति सुनील हनवत द्वारा लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी में अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण उन पर 01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

इन सभी कालोनाईजर्स के भूखंड विक्रय पर एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

# खैरा में जलसंकट गहराया, पंचायत टैंकर से कर रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लामता पंचायत क्षेत्र के खैरा बैगाटोला में गर्मी की शुरुआत से ही गंभीर जलसंकट गहरा गया है। ग्रामीणों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। गांव का मुख्य कुआं सूखने की कगार पर है, जिससे बचा हुआ पानी भी गंदा और मटमैला हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लगे हैंडपंप से भी साफ पानी नहीं मिल रहा है। हैंडपंप से निकलने वाला पानी जंग मिला हुआ और पीने योग्य नहीं है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को इस दूषित पानी से बीमारियों का डर बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा वर्ष 2023 में गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। इसके साथ ही घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए पाइपलाइन भी बिछाई गई थी। हालांकि, निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद अब तक गांव में नल-जल योजना शुरू नहीं हो पाई है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए किसानों को एआई बॉट कॉल, ओटीपी या बैंक जानकारी न दें

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रदेश में किसानों की फसलों की सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत प्रदेश के लगभग एक करोड़ किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी देने के लिए एआई बॉट (AI BOT) कॉल के माध्यम से मोबाइल फोन पर संपर्क किया जा रहा है।

इस प्रक्रिया के तहत किसानों को मोबाइल कॉल के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से भी उनकी दर्ज फसल की जानकारी भेजी जा रही है, ताकि वे अपने खेत में बोई गई फसल की पुष्टि कर सकें। इससे फसल संबंधी आंकड़ों को डिजिटल रूप से अपडेट करने में सुविधा होगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एआई बॉट कॉल के दौरान किसानों से किसी प्रकार का ओटीपी, बैंक खाता या आधार नंबर की जानकारी नहीं ली जाती है। यदि किसी भी कॉल के माध्यम से ऐसी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी मांगी जाती है तो किसान उसे साझा न करें। ऐसी संदिग्ध कॉल मिलने पर किसान तुरंत नजदीकी थाना या साइबर सेल को सूचना देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि धोखाधड़ी की घटनाओं से बचाव किया जा सके।

पिछली बुकिंग के 25 दिन बाद ही होगी एलपीजी रिफिल बुकिंग

# जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासन के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आयात में आई रुकावटों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर केवल घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत अब चिकित्सालयों और शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य सभी वाणिज्यिक संस्थानों, जैसे होटल, मॉल और औद्योगिक इकाइयों को बल्क तथा पैक्ड कमर्शियल गैस की आपूर्ति नहीं की जाएगी। प्रशासन ने ऐसे संस्थानों को अपनी ईंधन आवश्यकताओं के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों का उपयोग करने की सलाह दी है। घरेलू उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और गैस का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए अब एलपीजी रिफिल की बुकिंग पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही स्वीकार की जाएगी। इससे बाजार में कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वितरकों के स्तर पर स्टॉक की दैनिक समीक्षा की जा रही है। साथ ही जमाखोरी करने वालों और घरेलू गैस के दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जल महोत्सव में पंप ऑपरेटर व प्लंबर का सम्मान, एफटीके किट से जल परीक्षण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 11 मार्च को बिरसा विकासखंड के ग्राम हर्राभाट एवं ग्राम पंचायत माटे के ग्राम बड़गांव में 'जल महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा जल प्रबंधन से जुड़े कर्मियों का सम्मान करना रहा।

ग्राम हर्राभाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने वाले पंप ऑपरेटर का सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए जल व्यवस्था को बनाए रखने में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम पंचायत माटे के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में जल महोत्सव के अवसर पर फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्लंबर दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम के प्लंबर का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया गया कि एफटीके किट की मदद से पानी की गुणवत्ता की जांच कर जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विधायक भगत ने लंबित कार्यों को पूर्ण कराने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने क्षेत्र के लंबित सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिलाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से परसवाडा विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़कों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में कई महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कुछ मार्गों को स्वीकृति नहीं मिल पाई है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक भगत ने कहा कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा ग्रामीण और वन क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जहां अनेक गांव आज भी बेहतर सड़क संपर्क से वंचित हैं। बरसात के मौसम में इन क्षेत्रों की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब कच्चे रास्ते और खराब सड़कें ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती हैं। ऐसे में इन सड़कों का निर्माण समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि लंबित सड़क निर्माण प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कराया जाए।

ज्ञापन में जिन प्रमुख मार्गों के निर्माण की मांग की गई है, उनमें सीताडोंगरी से मदनपुर मार्ग, डोंगरबोडी से भालेवाड़ा सड़क मार्ग, एनएच 543 से हिरमूटोला-कटेगांव मार्ग, मानपुर से कोपाली मार्ग, मुरझण से राघोटोला मार्ग, बुढिया गांव से अलीपुर मार्ग, सोनखार से कोटागांव मार्ग तथा जरेरा से उमरदौनी मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा कई गांवों को आपस में जोड़ने के लिए नई सड़कों के निर्माण की भी आवश्यकता बताई गई है। विधायक भगत ने कहा कि इन मार्गों के निर्माण के साथ-साथ कई स्थानों पर पुल और पुलियों का निर्माण भी अत्यंत जरूरी है, ताकि वर्षा ऋतु में आवागमन बाधित न हो।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ सड़कें ऐसी हैं जो विश्वविख्यात कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े क्षेत्रों को जोड़ती हैं, इसलिए इन मार्गों का निर्माण पर्यटन और स्थानीय आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। बेहतर सड़क संपर्क से न केवल ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक भगत ने नैनपुर से लामता मार्ग के विस्तारीकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि इस मार्ग की वर्तमान स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। इसी प्रकार लामता से बैहर मार्ग की स्थिति भी खराब हो चुकी है और इसका पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से अपेक्षा व्यक्त की कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के गांवों का व्यापक सर्वे कराकर एक रोड मैप तैयार किया जाए और आवश्यकता के अनुसार सड़कों, पुलों एवं पुलियों के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। विधायक भगत ने कहा कि सड़कों के अभाव में किसी भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी रहती है। उनका प्रयास है कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के चारों ओर सड़कों का मजबूत नेटवर्क तैयार हो, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिले और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त हो सके।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने 4388 किसानों ने कराया पंजीयन

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और बिचौलियों के शोषण से बचाने के उद्देश्य से प्रदेश शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए जिले में 07 फरवरी से 10 मार्च तक किसानों का पंजीयन किया गया है। निर्धारित समय सीमा में जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए लालबर्रा तहसील के 1068, कटंगी के 536, बिरसा के 600, परसवाड़ा के 669, वारासिवनी के 405, बालाघाट के 403, खैरलांजी के 289, बैहर के 307, किरनापुर के 24, तिरोड़ी के 50 और लांजी तहसील के 37 किसान शामिल हैं। प्रदेश शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 40 रुपए बोनस बढ़ाए जाने के बाद किसानों से गेहूं की खरीदी 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी।

ग्राम गोवारी थाना बैहर से महाराष्ट्र कत्लखाने ले जा रहे थे मवेशी

# गौ-तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 16 नग मवेशी जब्त

### रात्रि के अंधेरे में जंगल के रास्ते से ले जा रहे थे मवेशी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जिले के ग्रामीण आंचल में अवैध रूप से मवेशियो को क्रुरतापूर्वक मारते पीटते हांकते कत्लखाना महाराष्ट्र ले जाने की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी। जिसको पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुये समस्त थाना प्रभारियों को गौतस्करी पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों पर कार्यवाही के दौरान पुलिस चौकी गोदरी थाना हट्टा पुलिस को 10 मार्च की रात्री में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि की ग्राम भगतपूर से गोदरी के बीच मेनरोड तरफ से कुछ लोग मवेशी ( बैलो) को निर्दयता पूर्वक मारते पीटते हाकते हुए वध करने कत्लखाना महाराष्ट्र तरफ लेकर जा रहे है सूचना पर कार्यवाही करते हुये पुलिस चौकी गोदरी द्वारा भगतपुर से गोदरी के बीच मेन रोड पर पहुंचे जहाँ पर दो व्यक्ति 16 नग मवेशी (बैलो) को निर्दयता पूर्वक डण्डे से मारते पीटते हांकते हुए लेकर भगतपुर तरफ से आते मिले जिनसे 16 नग मवेशी बैल किमती करीबन 150000/- रू. को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर अपराध क्रं. 22/2026 धारा 4,6,9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम 2004, 11 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 पंजीबद्धध कर विवेचना में लिया गया। नग मवेशी बैल किमती 150000/- रू. , आरोपी श्यामलाल पिता सत्तेलाल हरदे जाति मरार उम्र 50 साल निवासी भूताहटोला करियादण्ड थाना हट्टा व राकेश कुमार पिता स्व. बृजलाल परते जाति गोंड उम्र 50 साल निवासी ग्वारी बैहर थाना बैहर जिला बालाघाट। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश राठौड, प्र.आर. 514 संजय मोहबे, प्र.आर. 444 अंकेश मेंढेकर, प्र.आर. 1258 कमलेश भौतेकर, प्र.आर. 242 नंदकिशोर ठाकुर, आरक्षक 1088 कन्हैया टेम्भरे, आरक्षक क्रं. 58 विष्णुप्रताप सिंह, आरक्षक 261 लक्ष्मीप्रसाद टेकाम, आरक्षक 273 बजरंग पांचे, आरक्षक 405 भूमेश्वर आर्मो की सराहनीय भूमिका रही।

### ग्राम जराही में राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण 14 मार्च को होगा आयोजन



**किरनापुर।** ग्राम पंचायत जराही में राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण का कार्यक्रम 14 मार्च 2026 को रखा गया है। जिसमें 14 मार्च शनिवार को प्रातः 9:00 बजे भगवान राधा कृष्ण की शोभा यात्रा एवं ग्राम भ्रमण पूजन, 15 मार्च रविवार को 10:00 बजे हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा शाम 6:00 बजे भंडारा आपके आगमन तक, रात्रि 8:00 बजे भजन संध्या का कार्यक्रम, गोंदिया एवं बालाघाट ग्रुप द्वारा प्रस्तुति, 16 मार्च सोमवार को रात्रि 8:00 बजे महिला शायरी का आयोजन रखा गया है।

विभिन्न विभागों की ग्रामीण विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक संपन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में 11 मार्च को जिला पंचायत सभागृह में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के समस्त समितियों के सभापति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ सहित ग्रामीण विकास से जुडे विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए गए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के अस्पतालों की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान कटंगी और लालबर्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

एमपीआरडीसी द्वारा विभागीय सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरस्वर ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा में कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में गढ़ी से चिल्पी मार्ग का नवीनीकरण कार्य धीमी गति से चलने की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया और इसमें प्रगति लाने कहा गया।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में स्वीकृत सड़कों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया की प्रधानमंत्री जनमन योजना में 52 सड़क स्वीकृत हुई है, जिनके कार्य प्रारंभ है एवं 23 पुलिये स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें बाढ़ से क्षतिग्रस्त पुल पुलियों को स्वीकृत किया गया है। सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। योजना अंतर्गत सर्वप्रथम धरती आबा योजना के ग्रामो में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिले के विभिन्न विकासखण्डों में बनने वाली सड़कों की ब्लॉक प्रायोरिटी सूची जारी की गई है। इस सूची में कुल 12 सड़कों का चयन किया गया है, जिनकी कुल लंबाई लगभग 28.80 किलोमीटर होगी। योजना के तहत इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने जाति फूलमाली नि. ग्राम सेलवा तहसील कटंगी, जिला बालाघाट (म.प्र.) शपथकपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का स्थायी निवासी हूं। मेरा नाम रोहित पिता टोरमल जाति प्रमाण पत्र, स्कूली रिकार्ड कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं आदि दस्तावेजो में दर्ज चला आ रहा है किन्तु मेरे आधार कार्ड, वोटर आई.डी., पेन कार्ड में मेरा का नाम रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने दर्ज चला आ रहा है। उक्त दोनो नाम रोहित पिता टोरमल एवं रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने एक ही व्यक्ति मेरे ही नाम है अन्य कोई दीगर व्यक्ति के नही हैं। अतः मुझे रोहित नगरधने पिता टोरमल नगरधने के रूप में जाना, पहचाना एवं समझा जाने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है इसमें किसी प्रकार की असत्यता पाई जाती है तो मै स्वयं जवाबदार रहूंगा।

शपथकर्ता